**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 3273**

**उत्तर देने की तारीख-16/12/2024**

**एनसीईआरटी की नई पाठ्यपुस्तकें**

†3273. **डॉ. राजेश मिश्रा:**

**श्रीमती स्मिता उदय वाघ:**

**श्री तेजस्वी सूर्या:**

**श्री प्रवीण पटेल:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपने युक्तिसंगत बनाने संबंधी कार्य के एक भाग के रूप में पाठ्यपुस्तकों में कई अध्यायों को हटाया और जोड़ा है और यदि हां, तो इसके पीछे तर्काधार क्या हैं;

(ख) क्या ऐसा किसी समिति की सिफारिशों के आधार पर किया जा रहा है;

(ग) क्या एनसीईआरटी नए शैक्षणिक वर्ष के लिए स्कूली शिक्षा 2023 हेतु राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) के अनुसार नई पाठ्यपुस्तकें तैयार कर रहा है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या राज्य सरकारों को एनसीईआरटी द्वारा विकसित स्कूली शिक्षा हेतु एनसीएफ को अपनाने की सलाह दी गई है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) और (ख) कोविड-**19** महामारी के दौरान**,** स्कूल शिक्षा के सभी चरणों के छात्रों को ऑनलाइन और अन्य तरीकों से अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा है। पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों की सामग्री भार सहित पाठ्यक्रम भार से संबंधित चिंताओं को विभिन्न पक्षों

द्वारा उठाया गया है। संसद की स्थायी समिति ने भी पाठ्यपुस्तकों में सामग्री की अधिकता को लेकर चिंता जताई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), **2020** में यह भी कहा गया है, **"**सामग्री में कमी और स्कूल पाठ्यक्रम की लोचनीयता में वृद्धि और रटने की बजाय रचनात्मक शिक्षा पर नए सिरे से जोर दिया जाना चाहिए - इसके साथ-साथ स्कूल पाठ्यपुस्तकों में भी समानांतर बदलाव होने चाहिए।**"** उनकी निरंतर अधिगम प्रक्रिया में तेजी लाने और समय की हानि की भरपाई करने के मद्देनजर, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार, सभी चरणों और विषय क्षेत्रों में पाठ्यपुस्तकों को युक्तिसंगत बनाने की दिशा में एक कदम उठाया और वर्ष **2021-22** में सभी कक्षाओं और विषयों में पाठ्यपुस्तकों की सामग्री को युक्तिसंगत/अद्यतन किया। ये पाठ्यपुस्तकें वर्ष **2022-23** सत्रों से जारी हैं। वर्ष **2023-24** में इन पाठ्यपुस्तकों में ज्ञान के विकास, तथ्यों और उनकी व्याख्याओं के संबंध में कुछ अद्यतन भी शामिल किए गए हैं।

**(**ग) और (घ) जी हां, फाउंडेशनल स्टेज के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एनसीएफ-एफएस), **2022** के अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में, एनसीईआरटी ने पहली और दूसरी कक्षा के लिए नई पाठ्यपुस्तकें तैयार की हैं, जिन्हें वर्ष **2023-24** से पहले ही क्रियान्वित कर दिया गया है। एनसीईआरटी ने स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ-एसई), **2023** के अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में तीसरी और छठी कक्षा के लिए नई पाठ्यपुस्तकें भी विकसित की हैं, जिन्हें वर्ष **2024-25** से शुरू किया गया है।

**(**ङ) और (च) एनईपी, **2020** के पैरा **4.32** में कहा गया है कि, "राज्य अपने स्वयं के पाठ्यक्रम (जो संभव सीमा तक एनसीईआरटी द्वारा तैयार एनसीएफएसई पर आधारित हो सकते हैं) और पाठ्यपुस्तकें तैयार करेंगे (जो संभव सीमा तक एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक सामग्री पर आधारित हो सकती हैं), जिसमें आवश्यकतानुसार राज्य की विशिष्ट विशेषता और सामग्री शामिल होंगे। ऐसा करते समय, यह ध्यान में रखना होगा कि एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य मानदंड के रूप में लिया जाएगा।"

*****